# सरकार टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध : चौधरी

**भरतपुर,** (निसं)। विशेष वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, टीबी मुक्त भारत अभियान, खाद व बीज के नमूने की जांच, मतदाता सूची पुनरीक्षण, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविरों के सफल क्रियान्वयन एवं प्रगति को लेकर जिला कलक्टर कमर चौधरी ने जिले सभी उपखण्ड अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।



**जिला कलक्टर कमर चौधरी ने उपखण्ड अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक ली।**

जिला कलक्टर ने कहा कि जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए अभियान के तहत हो रहे सर्वे कार्य को सावधानीपूर्वक कराया जाए जिससे कोई भी संभावित रोगी वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि निक्षय मित्र बनाकर मरीजों को निक्षय पोषण योजना का लाभ मिले एवं टीबी रोगियों को गोद लेने एवं फूड किट उपलब्ध कराने वाले भामाशाहों, इच्छुक कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों के सहयोग के अलावा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। टीबी रोगियों से कार्यकारी एजेंसी, एनजीओ, सामाजिक संगठन जुड़ने और उसके उपचार को समझने में मदद के लिए प्रचार प्रसार करते हुए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके लिए चिकित्सा विभाग द्वारा प्रदत्त टीबी सेम्पल संठाहण लक्ष्यों की शत प्रतिशत प्राप्ति की जाए। उन्होंने ब्लॉक में एएनएम व आशा सहयोगिनियों के माध्यम से संभावित मरीजों के सेंपल लेकर उपचार शुरू करने, सीएचसी, पीएचसी में इलाज के लिए आने वाले खांसी के रोगियों के अधिकाधिक सेम्पल आवश्यक रूप से लेने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य टीबी रोग (क्षय रोग) उन्मूलन को गति देना, समुदाय में टीबी की समय पर पहचान, उपचार एवं रोकथाम को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि कारखानों, खनन क्षेत्रों, उद्योगों, ईट भट्टों, ग्राम सभाओं में भी टीबी रोग के प्रति लोगो को जागरूक कर शिविर किया जावें।

जिला कलक्टर ने 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक वित्तीय समावेशन एवं जन सुरक्षा सेचुरेशन अभियान के तहत प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री जन-धन निष्क्रिय खातों की री-केवाईसी सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत लागू करने और सभी पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जनप्रतिनिधियों,बीडीओ, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी संबंधित अधिकारियों से मिलकर कार्य योजना बनाई। योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए शिविरों में पात्रजनों को योजनाओं के लाभों की जानकारी दी जाएं। उन्होंने जिला परिषद , खनन , शिक्षा ,पीएचईडी, विद्युत, चिकित्सा,नगर निकाय सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा पेंशन योजनाओं में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों, विभाग के विकास कार्यों में जुड़े श्रमिकों, पात्रजनों को जोड़ा जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों से सहयोग लिया जाये। ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर में सभी पात्र लोगों तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति इन योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि जिले में आदान विक्रेताओं की जांच एवं बीज,उर्वरक तथा कीटनाशक दवाओं के नमूने लेने अभियान एवं गुणवत्ता की निगरानी में ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, एएनएम, कृषि पर्यवेक्षक सहयोग लिया जाये, जिससे किसानों को गुणवत्तापूर्ण, उर्वरक, बीज एवं कीटनासक उपलब्ध हो सके। उन्होंने संयुक्त निदेशक कृषि को बीज, उर्वरक तथा कीटनाशक के नमूने लेने की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभान्वित किया जाये। उन्होंने शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को हरियालो राजस्थान अभियान के अन्तर्गत पौधारोपण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। शिक्षा विभाग अपने जर्जर व क्षितठास्त एवं अनुपयोगी भवनों की सूचना भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगरीय निकायों क्षेत्रों में पात्रजनों को शत प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में जोड़ने के निर्देश दिए।

■ **उर्वरक और कीटनाशक के नमूने की संख्या बढ़ाएं**

जिला कलक्टर ने कहा कि बूथ लेवल ऑफिसर्स चुनाव व्यवस्था की फील्ड पर सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं, जो मतदाता सूची की शुद्धता एवं निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं। उनकी नियुक्ति में कार्य कुशलता, प्रतिबद्धता और स्थानीय मतदाताओं से संपर्क जैसे गुणों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने रिक्त और संभावित नए मतदान केंद्रों पर जल्द बीएलओ नियुक्त करने के उपखंड अधिकारी को निर्देश दिए।

## जागरूकता बैठक

**करौली,** (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं एक्शनएड करौली द्वारा महिला श्रमिक उत्पीड़न मुक्त कार्यस्थल अभियान के अंतर्गत ग्राम खेड़ला, नादौती एवं अड़ूदा सपोटरा में जागरूकता बैठक की गई।

एक्शनएड जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि एक्शनएड एसोसिएशन इंडिया के महिला श्रमिक उत्पीड़न रहित कार्यस्थल अभियान को लेकर शनिवार को जागरूकता बैठक का आयोजित की। जिसमें जिला समन्वयक ने बताया कि उत्पीड़न मुक्त कार्यस्थल पर महिला श्रमिकों का अधिकार है। महिला श्रमिकों के साथ शारीरिक,मानसिक एवं भावनात्मक उत्पीड़न होने पर शीघ्र ही पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवानी चाहिए यह पोर्टल भारत सरकार द्वारा महिलाओं के लिए यौन उत्पीड़न की शिकायतों को दर्ज करने के लिए बनाया गया है. शिकायत दर्ज करने के बाद, इसे सीधे संबंधित प्राधिकारी को भेजा जाता है। उन्होंने कहा कि सरकरी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में कार्यरत महिला कार्मिकों के लिए आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) बनी हुई है। एवं श्रमिकों के लिए स्थानीय शिकायत समिति (एलसीसी) है। यदि कार्यस्थल पर आईसीसी या एलसीसी है, तो वहां भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य महिला आयोग में आयोग की वेबसाइट पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं जिला समन्वयक ने कहा यौन उत्पीड़न एक अपराध भी है, इसलिए पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। शी-बॉक्स पोर्टल का उद्देश्य यौन उत्पीड़न की शिकायतों का त्वरित निवारण करना है एवं शिकायतकर्ता चाहें तो शी-बॉक्स, महिला आयोग और पुलिस में समानांतर शिकायतें दर्ज करा सकता है।

## सार-समाचार

### महिला सुरक्षा सखी की बैठक



**हिण्डौन सिटी**। सदर थाना कोतवाली, हिंडौन सिटी में पुलिस महिला सुरक्षा सखी एवं कम्युनिटी लाइजन ग्रुप के सम्मानित सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी श्री देवेंद्र कुमार शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ए एसपी सत्येंद्र पाल सिंह उपस्थित रहे।बैठक में विभिन्न सामाजिक और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा हुई। पुलिस संयोजिका लज्जा रानी अठावाल और मोहन सिनेमा ने पहला प्रस्ताव रखते हुए डैंप रोड से चौपड़ तक पत्थरों से भरे ट्रकों के अवैध पार्किंग की समस्या उठाई, जिससे आम जनता को आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने इन ट्रकों को शीघ्र हटाने की मांग की। दूसरा प्रस्ताव शहर के व्यस्त मार्गों पर आवारा पशुओं की समस्या को लेकर था, जिसके लिए नगर परिषद और गौशाला से त्वरित कार्रवाई की मांग की गई।तीसरे प्रस्ताव में राजेश तिवारी ने बताया कि हिंडौन सिटी में पिछले 18 वर्षों से ताजिया मोहर्रम नहीं निकाला गया है और यहां हिंदू-मुस्लिम समुदाय गंगा-जमुना तहजीब के साथ सौहार्दपूर्ण जीवन जी रहे हैं। चौथे प्रस्ताव में रामेश्वर धाकड़ ने मनचले लड़कों द्वारा मोटरसाइकिलों पर तेज गति, गलत नंबर प्लेट और पुलिस लोगो के दुरुपयोग की समस्या उठाई, जिस पर अंकुश लगाने की आवश्यकता जताई। एसपीसत्येंद्र पाल सिंह और थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा ने सभी प्रस्तावों को गंभीरता से सुना और जनहित में शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि शहर में साइबर क्राइम, बैंक खातों से धोखाधड़ी, चोरी और नाबालिक बच्चियों के खिलाफ अपराधों में वृद्धि हुई है। इन अपराधों पर नियंत्रण के लिए जन सहयोग और जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर सभी सदस्यों को उपलब्ध कराया गया और अपराध रोकने की रणनीति पर विचार साझा किए गए।

### ब्राह्मण महासंघ की कार्यकारिणी घोषित

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। ब्राह्मण महासंघ जिला अध्यक्ष डा अनुज कुमार शर्मा ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए जिम्मेदारी सौपी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ संगीता बोहरा, कल्पना शुक्ला, नीरज दीक्षित, हरिप्रसाद शर्मा बोहरा, घनश्याम शर्मा, निरंजन, बाबूलाल सेक्रेटरी, जुगलकिशोर शर्मा, राजेश शर्मा जिला महामंत्री, कमलेश जोशी, राजेश शर्मा प्रदेश सचिव, सुनील शुक्ला, सुरेश कोषाध्यक्ष आदि की उपस्थिति में सर्व सहमति से जिला एवं ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें कमलेश जोशी को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विशंभर पाण्डेय को जिला उपाध्यक्ष, श्याम सुंदर शर्मा गांवडी वाले को जिला सह मंत्री, श्याम सुंदर शर्मा सेवा वालों को सूचना प्रसारण मंत्री नियुक्त किया। बामनबास ब्लॉक से ज्ञानचंद शर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष, अजय कुमार शर्मा को ब्लॉक महामंत्री एवं कुलदीप उपाध्याय को कोषाध्यक्ष घोषित किया। इसी प्रकार ब्लॉक वजीरपुर से मदन मोहन शर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष, रविंद्र कुमार गुलपाडिया को महामंत्री, हरीश शर्मा अध्यापक फुलवारा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। हरिप्रसाद बोहरा मुख्य संरक्षक एवं घनश्याम शर्मा सेवानिवृत व्याख्याता, निरंजन लाल मिल्की सेवानिवृत अध्यापक, बाबूलाल शर्मा सेक्रेटरी, जुगकिशोर शर्मा सेवा वाले, सुनील शुक्ला संरक्षक रहेंगे।

### मोहर्रम को लेकर सीएलजी की बैठव

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। कोतवाली थाने में शनिवार को मोहर्रम त्योहार को लेकर सीएलजी सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार बृजेश सिहरा और कोतवाली थानाधिकारी करणसिंह राठौड ने सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया। तहसीलदार बृजेश सिहरा ने कहा कि कल देशभर में मोहर्रम का त्योहार मनाया जाएगा। उन्होंने सभी वर्गों और समुदायों के वरिष्ठ नागरिकों से त्योहार को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने का आग्रह किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। इस कार्य में प्रशासन पूरी मुस्तैदी से काम करेगा। बैठक में मौजूद सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में घन श्याम रावत, भविष्य भानू, मौलाना मुबीन, हाजी जमील सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे।

### विज्ञान संकाय शुरु, जताया आभार

**भरतपुर,** (निस)। भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के सात राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में राज्य सरकार द्वारा विज्ञान संकाय शुरु करने पर पूर्व मंत्री, भरतपुर विधायक व राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव डॉ. सुभाष गर्ग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त किया है। विधायक डॉ. गर्ग ने बताया कि विधान सभा क्षेत्र के चिकसाना, पीपला, चार्लीगंज, परशुराम का नगला, जघीना, मंहगाया तथा शहर के एसबीके महात्मा गांधी अंठोजी माध्यम विद्यालयों में विज्ञान संकाय शुरु की गई है। उन्होनें कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के युग में इन विद्यालयों में विज्ञान संकाय शुरु होने से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और तर्क की सक्षमता विकसित होगी तथा किसी भी समस्या का समाधान करने के साथ ही वह निर्णय लेने में सक्षम हो सकेंगे। इसके साथ ही विद्यार्थियों को नवाचार करने और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अवसर प्राप्त हो सकेंगे। डॉ. गर्ग ने कहा कि विज्ञान संकाय शुरु होने से विद्यार्थियों को अनुसंधान विकास के साथ ही विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक कौशल व सोच विकसित होगी और वह किसी भी तरह के निष्कर्ष निकालने में सक्षम होंगे। उन्होंने क्षेत्र के विद्यालयों में विज्ञान संकाय शुरु करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त किया है।

### पौधे लगाने का लिया संकल्प

**हलैना/भरतपुर,** (निस)। पीडी गर्ल्स कॉलेज के द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार कॉलेज की छात्रा और स्टॉप ने महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय भरतपुर डीग की शैक्षिणक परिषद सदस्य डॉ पवन धाकड़ के मुख्य आतिथ्य, सतीभान धाकड़, विष्णु मित्तल विशिष्ठ अतिथि रहे। अध्यक्षता चेतना धाकड ने की। डॉ. धाकड ने कहा कि पेड़ पौधा ही धरती का श्रृंगार है जहां हरियाली होती है वहां की प्रकृति और पर्यावरण शुद्ध होता है। उन्होंने कहा कि जिस वहां से बच्चियों ने पौधा लगाए हैं और उन्होंने पौधों का संरक्षण तथा 5-5 पौधे लगाने का जो संकल्प लिया है,वह एक देश समाज सेवा पर्यावरण प्रेमी तथा मानव सेवा आदि की झलक को दर्शाता है। सतीभान ने कहा कि पौधा धरती के प्राण दाता है जो हमें प्राण वायु देते हैं। समाजसेवी चेतना धाकड़ ने कहा कि धरती व पर्यावरण की शुद्धता को प्रत्येक मानव को पौधा अवश्य लगाने चाहिए। पौधा लगाने से मानव का जीवन निरोगी रहता है। इस अवसर पर बबीता कुमारी,निशा धाकड़,अर्चना सैनी,सावित्री सैनी आदि ने पौधे लगाए और घर पर दो-दो पौधे लगाने का संकल्प लिया।

### ग्राम विकास अधिकारी निलम्बित

**करौली,** (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के द्वारा गुरूवार को पंचायत समिति करौली की ग्राम पंचायत माँची के राजीव गांधी सेवा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत कार्यालय पर ताला लगा हुआ पाया गया। इस पर जिला कलेक्टर ने ग्राम विकास अधिकारी, ठाम पंचायत माँची भीमसिंह मीना के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने राजस्थान सिविल सेवा नियम 1958 के नियम 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ठाम विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने के आदेश जारी किये है। उन्होंने बताया कि निलम्बन काल के दौरान मुख्यालय पंचायत समिति सपोटरा में रहेगा।

### पदयात्रा को लेकर आमसभा 20 को

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। माँ गुमानो बिजासनी देवी सेवा समिति के तत्वाधान में 20 वीं निशुल्क पद यात्रा की तेयारियो को लेकर आमसभा 20जुलाई रविवार को विजय पैलेस में दोपहर 1.30 बजे आयोजित की जायेगी। आमसभा में मां गुमानो बीजासणी की 20वीं पदयात्रा की तेयारियो को लेकर चर्चा की जायेगी। समिति अध्यक्ष महेशचंद शर्मा एवं महामंत्री गोपाल लाल सोनी ने माता रानी के सभी भक्ता से पदयात्रा तैयारियोको लेकर आयोजित आमसभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## सार-समाचार

### विधायक ने किया लाइब्रेरी का उद्घाटन



**भुसावर/भरतपुर,** (निसं)। लाइब्रेरी में फिलहाल 68 विद्यार्थियों (छात्र-छात्राओं) के बैठने की व्यवस्था, 100 से अधिक प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं पुस्तकें शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छौंकरवाड़ा रोड स्थित गुरुकृपा लाइब्रेरी पर कम्पीटिशन तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए तैयार का विधायक बहादुर सिंह कोली ने फीता काट कर शुभारंभ किया। इसके बाद उनका माला, साफा व चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया गया।इस लाइब्रेरी का विधायक कोली ने पूर्व डेयरी चेयरमैन फतेह सिंह फेंटा, रज्जन सिंह, पुष्कर पाण्डेय, सरपंच करतार सिंह, प्रवीण बिजवारी, पूर्व सरपंच डूगर सिंह, शिक्षाविद ब्रजवासी व कल्याण सहाय, प्रताप गुर्जर,राजेंद्र सिंह, जीतेन्द्र चौधरी आदि की उपस्थिति में शुभारंभ कर कम्पीटिशन की तैयारी कर रहे युवक-युवतियों को समर्पित किया। इस अवसर पर विधायक कोली ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह पहल स्वागत योग्य है। इस तरह के प्रयासों से पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को एक उचित स्थान उपलब्ध हो सकेगा।

### मृदुल तिवारी का किया सम्मान

**भरतपुर,** (निस)। भरतपुर में कुम्हेर गेट भरतपुर स्थित राम दरबार मंदिर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में गांव धनवाड़ा निवासी मृदुल तिवारी पुत्र राहुल तिवारी का साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर एवं श्री बांके बिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर इनके माता-पिता एवं बाबा का भी सम्मान किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने बच्चे के माता-पिता एवं इनके बाबा को शुभकामनाएं दी एवं बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने बताया कि प्रतिभाशाली बच्चे अमूर्त विचारधारा वाले होते हैं, इसलिए उनके लिए संघर्ष करना असामान्य नहीं है। उच्च उपलब्धि प्राप्त करने वालों में आम तौर पर कार्यकारी क्षमता की कमी नहीं मिलती है । हमें ऐसे बच्चों से सीखना चाहिए। कार्यक्रम में श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदार पाराशर, सेवानिवृत्ति थानेदार प्रभुदयाल कटारा, समाजसेवी देवेंद्र कुमार शर्मा, समाजसेवी मानस तिवारी,सेवानिवृत्ति सहायक लेखाधिकारी ईश्वरीप्रसाद शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, सेवानिवृत्ति सहायक अभियंता इंजी. देवकीनन्दन शर्मा, श्री ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, एलआईसी के लालचंद शर्मा, मानवाधिकार सुरक्षा सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज, समाजसेवी देवेंद्र मोहन तिवारी, सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर प्रसाद शर्मा, समता आंदोलन के अशोक शर्मा सारस, समाजसेवी महन्त लवली पंडित, सामाजिक कार्यकर्ता बुद्धिलाल धनवाड़ा, सुभाषचंद शर्मा, निरंजन लाल शर्मा, खेमचंद, निखिल, हार्दिक, दिनेश, बंटी सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे द्य कार्यक्रम की समाप्ति पर परिवारीजनों ने सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

### ठगी के 50 हजार रुपए वापस दिलाए

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। खरेटा गांव की रहने वाली एक युवती से साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने पीड़िता को उसकी 50 हजार रुपए की रकम वापस दिलवा दी। युवती से यह ठगी दिसंबर 2024 में हुई थी। जानकारी के अनुसार साइबर ठगों ने ममता जाटव के साथ एलआईसी बोनस के नाम पर ठगी की और उसके खाते से 49,998 रुपए निकाल लिए। पीड़िता ने 26 दिसंबर 2024 को सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि उनके मोबाइल पर एलआईसी बोनस का मैसेज आया था। इस मैसेज के जरिए साइबर ठगों ने उनके खाते से पैसे निकाल लिए। मामले में सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस ने बैंक के नोडल अधिकारी से संपर्क किया। साथ ही साइबर ठगी की शिकायत 1930 हेल्पलाइन पर भी दर्ज कराई गई।पुलिस और बैंक अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई से ठगी की राशि को होल्ड कर लिया गया। थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने लोगों से अपील की है कि साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

### रात्रि चैपाल व जनसुनवाई कार्यक्रम जारी

**करौली,** (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने जुलाई के लिये रात्रि चैपाल कार्यक्रम जारी किया। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई मंगलवार को सांय 6:30 बजे से मण्डरायल पंचायत समिति की ठाम पंचायत नींदर, 22 जुलाई मंगलवार को सांय 6:30 बजे से मासलपुर पंचायत समिति की ठाम पंचायत कोटा छाबर, 24 जुलाई गुरूवार को सांय 6.30 बजे से टोडाभीम पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रानौली, 31 जुलाई गुरूवार को सांय 6:30 बजे से करौली पंचायत समिति की ठाम पंचायत बरखेड़ा में रात्रि चैपाल आयोजित कर जन समस्याऐं सुनी जायेंगी।

## स्कूटियों का किया वितरण

**भरतपुर,** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत सत्र 2022-23 की 18 लाभार्थी छात्राओं को रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में स्कूटियों का वितरण किया गया।

यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. मधु शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। स्कूटी वितरण प्रभारी श्रीमती साधना शर्मा ने बताया कि लाभार्थी छात्राओं को स्कूटी के साथ-साथ पंजीयन प्रमाण पत्र, बीमा पत्र तथा हेलमेट भी प्रदान किए गए।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मधु शर्मा ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि सत्र 2022-23 की शेष स्कूटियां 09 जुलाई 2025 तक वितरित कर दी जाएंगी।कार्यक्रम में छात्रवृत्ति प्रभारी श्रीमती साधना शर्मा, ऑनलाइन प्रभारी विनय खंडेलवाल, समिति सदस्य डॉ. लक्ष्मी गुप्ता, श्री योगेन्द्र सिंह, डॉ. भरत भूषण, श्री देवेंद्र गहलोत तथा कंप्यूटर ऑपरेटर श्री उज्जवल सैन उपस्थित रहे।

# शिविर में 21 यूनिट रक्तदान

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के 12 वें स्थापना के अवसर पर आज राजकीय चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक, गंगापुर सिटी में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाजसेवा की भावना को सशक्त करना और स्वर्गीय अग्रवाल के आदर्शों को जनमानस तक पहुंचाना था।



**गंगापुर सिटी में रक्तदाताओं का सम्मान व हौसला अफसाई करते वैश्य महासम्मेलन पदाधिकारी।**

इस अवसर पर पुरुष इकाई के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र मित्तल ने कहा कि रामदास अग्रवाल का जीवन समाजहित और सेवा को समर्पित रहा है। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए यह रक्तदान शिविर जनसेवा की भावना को आगे बढाता है। रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से कई जीवन बचाए जा सकते हैं, और यह सबसे बडी मानव सेवा है। वहीं महिला इकाई की जिला अध्यक्ष रीना पल्लिवाल ने कहा कि हमारे संगठन की महिला इकाई हमेशा समाजसेवा में अग्रणी रही है। रक्तदान शिविर के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि महिलाएं भी स्वास्थ्य और सेवा के क्षेत्र में समान रूप से योगदान दे सकती हैं। यह शिविर समाज में जागरूकता लाने का एक प्रयास है। जिला महामंत्री श्रीमती रचना मित्तल की उपस्थिति ने आयोजन को और भी सशक्त बनाया। शिविर में युवाओं, महिलाओं एवं अन्य समाजसेवियों ने बढ-चढ कर भाग लिया। रक्तदाताओं को संस्था द्वारा सम्मान पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान अंतराष्ट्र ीय वैश्य महासम्मेलन जिला महामंत्री राजेंद्र खारवाल, जिला कोषाध्यक्ष मनीष जैन, राजेंद्र प्रसाद दूसाद, लोकेश जैन, बंटी केडिया, डॉ मनोज जैन, रविंद्र खंडेलवाल, डॉ विजेंद्र गुप्ता, महिला इकाई से जिला अध्यक्ष रीना पालीवाल, महामंत्री रचना मित्तल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुशला खुटेटा, प्रदेश मंत्री शिप्रा गोयल, उपाध्यक्ष ममता गोयल, मेडिकल मंत्री उर्मिला डांस, संरक्षक उषा सेठ, कौशल्या डांस, निर्मला खारवाल, कविता खुटेटा, दुलारी गर्ग, गीता महरवाल, सुमन दुसाद, सुमन सुराणा, सुनीता आर्य, ममता खंडेलवाल, कृष्णा ठाकुरिया, मधु जैन, हेमा गुप्ता, सुधा गुप्ता सहित सैकडो महिला पुरूष मोजूद थे।

# शिविर का निरीक्षण किया

**करौली,** (निसं)। संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी करौली दौरे पर रही इस दौरान उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुनेसरा के भारत निर्माण अटल सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने राजस्व, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र बनकर 4 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित करते हुए कहा कि टीबी मरीजों को दवाओं के साथ पोषण किट में उपलब्ध सामग्री के सेवन से राहत मिलेगी। इस दौरान उन्होंने दो दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड और कई लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।

## समारोह आज

**करौली,** (निसं)। शिक्षक संघ अम्बेडकर जिला कार्यकारणी विस्तार व शपथ ग्रहण समारोह रविवार को प्रातः 10 बजे आयोजित होगा। प्रवक्ता गंगाराम प्रजापत एवं जिलाध्यक्ष विष्णु मण्डल ने बताया कि शिक्षक संघ अम्बेडकर करौली की जिला कार्य कारिणी का विस्तार किया जाएगा तथा नव निर्वाचित जिला कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा।

# संत रविदास पीठ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक संपन्न

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। संत रविदास पीठ की प्रदेश कार्य समिति एवं पदाधिकारियों की बैठक आज श्री महावीर जी की पावन धरा पर आयोजित हुई। जिसमे संत रविदास के उपदेशों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं संत रविदास पीठ के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री आत्माराम भाई परमार, संत रविदास पीठ की प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजीत कुमार,

■ **संत रविदास के उपदेशों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला**



**संत रविदास पीठ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई।**

विधायक निवाई रामस्वरूप वर्मा, मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु रविदास जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। राजकुमारी जाटव ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और संत रविदास के उपदेशों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने 13वीं सदी में कार्य के साथ-साथ भक्ति का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। उनके उपदेश मन चंगा तो कठौती में गंगा और ऐसा चाहूं राज में मिले सभी को अन्न, छोटा-बड़ा सम हो आज भी समाज को समरसता और समानता का संदेश देते हैं। उन्होंने बताया कि इन उपदेशों को आधार बनाकर हमारी सरकारें समाज कल्याण के लिए कार्य कर रही हैं।मुख्य अतिथि आत्माराम भाई परमार ने कहा कि संत रविदास के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य संत रविदास पीठ द्वारा किया जाएगा, ताकि देश में समरसता और भाईचारा कायम रहे। उन्होंने श्री महावीर जी की तपोभूमि पर इस बैठक के आयोजन को ऐतिहासिक बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजीत कुमार ने कहा कि संत रविदास पीठ न केवल भारत बल्कि विदेशों में भी अपने कार्यों का विस्तार कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि राजस्थान में नवगठित प्रदेश और जिला स्तर की टीमें गुरु रविदास जी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगी।बैठक में मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार ने भी विचार रखे और संत रविदास जी की जीवनी पर चर्चा की। सभी वक्ताओं ने गुरु रविदास जी के उपदेशों को समाज में फैलाने और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।